PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Tue, 06 Jun 2017, Page 11
Width: 56.05 cms, Height: 31.33 cms, a3r, Ref: 16.2017-06-06.73

जीएसटी की तैयारियों के बीच सूचकांक, निफ्टी नई ऊंचाई पर

मुंबई, 5 जून (भाषा)

लिवाली समर्थन से सोमवार से घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का रुख देखने को मिला और सूचकांक और निफ्टी शेयर शेयर सूचकांक क्रमसे 31,309 व 9675 अंक के नए रेकार्ड स्तर पर बंद हुए। कारोबारियों का कहना है कि देश में जीएसटी की तैयारियों के बीच रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों का ध्यान बैंकिंग शेयरों पर रहा। वैश्विक बाजारों से मिले जुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का रुख लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।

सूचकांक में सोमवार की तेजी में बैंकिंग शेयरों का बड़ा हिस्सा रहा और एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक व एचडीएफसी बैंक के शेयर मजबूती के साथ बंद हुए। वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने कुछ और जिंसों के लिए कर दरों को अंतिम रूप दे दिया है और अब एक जुलाई से जीएसटी को लागू करने की संभावना बढ़ा गई है। जियोजित फिनांशल सर्विसेज के मुख्य बाजार रणनीतिकार आनंद जेम्स ने कहा– एनपीए समस्या के समाधान को लेकर उम्मीदों के बीच बैंकिंग शेयरों के बलबूते पर सूचकांक मजबूत हुए। सप्ताहांत में जीएसटी दरों की घोषणा से भी कई खंड के शेयरों को बल मिला।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक कारोबार के दौरान 31,355.42 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा और आखिरकार 36.20 अंक या 0.12 फीसद के लाभ से अपने नए रेकार्ड स्तर 31,309.49 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक का इससे पिछला रिकार्ड 31,273.29 अंक था, जो 2 जून को बना था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 21.60 अंक या 0.22 फीसद की बढ़त के साथ 9,675.10 अंक के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 2 जून को निफ्टी 9,653.50 अंक के रेकार्ड पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान इसने 9,687.20 अंक का नया रेकार्ड स्तर छुआ। इससे पिछला रेकार्ड 9,673.590 अंक था जो शुक्रवार को बना था।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक की नीति समीक्षा बैठक मंगलवार से शुरू हो रही है। लिवाली समर्थन से बजाज आटो, टीसीएस, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, आडाणी पोटर्स, सिप्ला, एचयूएल, ओएनजीसी व विप्रो में लाभ दर्ज किया गया। वहीं बिकवाली दबाव से कोल इंडिया, गेल, इंफोसिस, लूपिन, डा रेड्डीज, हीरो मोटोकार्प व एचडीएफसी के शेयर में गिरावट आई।